Title: Need for early conversion of rail line between Purna and Akola into broad gauge in Maharashtra.

श्री शिवाजी माने (हिंगोली) : सभापति महोदय, दक्षिण मध्य रेलवे के अन्तर्गत पूर्णा एवं अकोला की रेलवे लाइन को ब्रॉड गेज लाइन में परिवर्तन करने हेतु र्वा 1999-2000 के रेल बजट में प्रावधान था, परन्तु दो र्वा बीच जाने के बाद भी अभी तक इस ब्रॉड गेज लाइन में परिवर्तन करने हेतु कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इस क्षेत्र में सिख सम्प्रदाय के पंच प्यारों का एक गुरूद्वारा स्थित है जहां पर र्वा 2006 में बड़ा मेला लगने वाला है जिसमें विदेशों से कई लोग दर्शन करने के लिए आने वाले हैं, परन्तु उन्हें कई रेल सेवा बदलनी पड़ती हैं। इस क्षेत्र में उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत के कई लोग कार्यरत हैं, जिनको सीधी रेल सेवा न मिलने से कई दिक्कतें हो रही हैं। इस रेलवे सेवा द्वारा दक्षिण भारत से उत्तर भारत को जोड़ने से 450 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। इसलिए मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस रेलवे लाइन को ब्रॉडगेज में परिवर्तित किए जाने के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए जिससे मराठवाड़ा क्षेत्र का ि वकास हो सके।